FIROZABAD POLICE

सुरक्षा आपकी संकल्प हमारा

Crackdown Firozabad.

सराहनीय कार्य जनपद फिरोजाबाद दिनाँक 28-03-2024

थाना रामगढ़ पुलिस टीम द्वारा दिनाँक 25.03.24 को थाना रामगढ़ पर पंजीकृत मु0अ0सं0 173/24 में वांछित अभियुक्त जाकिर को पुलिस मुठभेड़ के दौरान किया गया गिरफ्तार, पुलिस मुठभेड़ में अभियुक्त पैर में गोली लगने से हुआ घायल।

- **अभियुक्त के कब्जे से 01 अवैध तमंचा 315 बोर , 01 जिन्दा कारतूस, 01 तमंचे में फंसा हुआ मिस कारतूस व 01 खोखा कारतूस बरामद।**

वादिया द्वारा दिनाँक 25-03-24 को अपनी भतीजी उम्र 07 वर्ष का अज्ञात व्यक्ति द्वारा अपहरण करने एवं उसके साथ मारपीट करने के सम्बन्ध में मु0अ0सं0 173/ 24 धारा 363, 308 भादवि0 पंजीकृत कराया गया था। चिकित्सीय परीक्षण के आधार पर अभियोग में धारा 376AB भादवि व 5M/6 पोक्सो अधिनियम की बढ़ोत्तरी की गई थी। विवेचना के दौरान अभियुक्त जाकिर पुत्र सगीर का नाम प्रकाश में आया था।

श्रीमान वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक फिरोजाबाद श्री सौरभ दीक्षित के निर्देशन में अपर पुलिस अधीक्षक नगर फिरोजाबाद के निकट पर्यवेक्षण एवं क्षेत्राधिकारी नगर फिरोजाबाद के कुशल नेतृत्व में शातिर अपराधियों तथा मु0अ0सं0 173/24 में वांछित अभियुक्त की गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में थाना रामगढ़ पुलिस टीम को मुखबिर खास द्वारा सूचना मिली कि अभियुक्त जाकिर अबू हुरैरा स्कूल के पास छिपा हुआ है , जो कहीं भागने की फिराक में है तथा जिसके पास में अवैध असलहा है। अभियुक्त की गिरफ्तारी हेतु थाना रामगढ़ पुलिस टीम द्वारा अबू हुरैरा स्कूल के पास छिपे हुए 01 व्यक्ति की घेराबंदी की गयी तो उक्त व्यक्ति द्वारा पुलिस टीम पर फायर करते हुए भागने का प्रयास किया गया परन्तु पुलिस की घेराबंदी व जवाबी कार्यवाही में अभियुक्त के दाहिने पैर में गोली लग गयी जिसे पुलिस मुठभेड़ के दौरान घायल अवस्था में गिरफ्तार किया गया है। अभियुक्त के पास से 01 अवैध तमंचा 315 बोर मय 01 जिन्दा कारतूस, 01 तमंचे में फंसा मिस कारतूस व 01 खोखा कारतूस बरामद हुए हैं। घायल अभियुक्त की पहचान जाकिर पुत्र सगीर के रुप में हुई है जो थाना रामगढ़ पर पंजीकृत मु0अ0सं0 धारा 363,308,376AB भादवि0 व 5M/6 पॉक्सो एक्ट में वांछित अभियुक्त है। घायल अभियुक्त को पुलिस अभिरक्षा में उपचार हेतु अस्पताल में भर्ती कराया गया है। अग्रिम आवश्यक कार्यवाही की जा रही है।

नाम व पता गिरफ्तारशुदा अभियुक्तः-

1.जाकिर पुत्र सगीर निवासी हसमतनगर थाना रामगढ़ जनपद फिरोजाबाद।